कैप्सूल से कार सीट में बदलाव

अपने बच्चे को कैप्सूल से बाहर निकालकर कार सीट में बैठाना कब सबसे सुरक्षित है?

महत्वपूर्ण

ऑस्ट्रेलियन कार सीट कानूनों के अनुसार, 6 महीने तक के बच्चों को पीछे की तरफ मुंह करके (रियर-फेसिंग पोज़िशन में) बैठाना ज़रूरी है।

यह पोज़िशन उनकी गर्दन के लिए ज़्यादा आरामदायक होती है और हादसे की स्थिति में ज़्यादा सुरक्षित रहती है।

बेबी कैप्सूल

बेबी कैप्सूल में एक स्टे-इन-कार बेस और एक रिमूवेबल बेबी कैप्सूल होता है, जिसे पीछे की तरफ मुंह करके (रियर-फेसिंग पोज़िशन में) लगाया जाता है।

बेबी कैप्सूल नवजात शिशुओं के लिए आदर्श होता है और इसे लगभग 6 से 12 महीने की उम्र तक इस्तेमाल करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, या तब तक जब तक बच्चा कैप्सूल पर दिए गए अधिकतम कंधे की ऊंचाई की सीमा तक नहीं पहुंच जाता।

जब बच्चा इन ऊंचाई के निशानों से आगे बढ़ जाए, तो उसे रियर-फेसिंग कार सीट में शिफ्ट करने की सलाह दी जाती है।

Child Accident Prevention Foundation of Australia

Kidsafe की सेवा हर राज्य और प्रांत में अलग हो सकती हैं।
ज़्यादा जानकारी और सलाह के लिए अपने राज्य या प्रांत के कार्यालय से संपर्क करें।
यहाँ दी गई सारी जानकारी प्रकाशन के समय सही है

RSR_FS_early-ed_car-seat_transition_V1.0_0525

RoadSafe Rangers

कैप्सूल से कार सीट में बदलाव

अपने बच्चे को कैप्सूल से बाहर निकालकर कार सीट में बैठाना कब सबसे सुरक्षित है?

बेबी कार सीट

कैप्सूल के विपरीत, नवजात कार सीट को गाड़ी में इंस्टॉल किया जाता है और बच्चा गाड़ी के अंदर ही हार्नेस से बांधा जाता है।

इन्हें नवजात शिशुओं के लिए या उन बच्चों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है जो अपने बेबी कैप्सूल से बड़े हो गए हों।

कुछ माता-पिता अपने नवजात शिशु के लिए कन्वर्टिबल कार सीट चुनते हैं, क्योंकि इन्हें रियर-फेसिंग और फॉरवर्ड-फेसिंग दोनों पोज़िशन में इस्तेमाल करने के लिए डिज़ाइन किया गया होता है। हालांकि, सलाह दी जाती है कि बच्चे को जितना संभव हो सके, रियर-फेसिंग पोज़िशन में रखें, जब तक कि वह रियर-फेसिंग के लिए दी गई अधिकतम कंधे की ऊंचाई की सीमा तक न पहुंच जाए।

कुछ कन्वर्टिबल चाइल्ड कार सीट्स में एक्सटेंडेड रियर-फेसिंग का विकल्प भी मिलता है, जिससे बच्चे को 2-3 साल (30 महीने) की उम्र तक रियर-फेसिंग पोज़िशन में बैठाकर ले जाया जा सकता है।

जब आपका बच्चा रियर-फेसिंग पोज़िशन में कार सीट के कंधे की ऊंचाई के अधिकतम निशान से आगे बढ़ जाए, तो उसे फॉरवर्ड-फेसिंग पोज़िशन में बदला जा सकता है।

- अधिक जानकारी के लिए अगला पेज देखें।

Kidsafe
Child Accident Prevention Foundation of Australia

Kidsafe की सेवा हर राज्य और प्रांत में अलग हो सकती हैं।
ज़्यादा जानकारी और सलाह के लिए अपने राज्य या प्रांत के कार्यालय से संपर्क करें।
यहाँ दी गई सारी जानकारी प्रकाशन के समय सही है

RSR_FS_early-ed_car-seat_transition_V1.0_0525

ROADSAFE RANGERS

रियरवर्ड-फेसिंग से फॉरवर्ड-फेसिंग

अपने बच्चे की सीट की पोज़िशन को टर्न करना कब सबसे सुरक्षित होता है?

कुछ रियर-फेसिंग कार सीट्स में एक कंधे की ऊंचाई का निशान होता है। दूसरों में अतिरिक्त निशान होते हैं, जो फॉरवर्ड-फेसिंग पोज़िशन में बदलने के लिए न्यूनतम और अधिकतम कंधे की ऊंचाई दिखाते हैं। अगर आपके बच्चे की कार सीट में ये अतिरिक्त निशान हैं, तो बच्चे को तब तक रियर-फेसिंग में रखें, जब तक वह सीट की रियर-फेसिंग के लिए दी गई अधिकतम ऊंचाई सीमा तक न पहुंच जाए।

बच्चे को फॉरवर्ड-फेसिंग में तभी बदला जा सकता है, जब उसके कंधे कार सीट पर दिए गए "मस्ट बी रियर-फेसिंग" वाले कंधे की ऊंचाई के निशान से ऊपर आ जाएँ।

महत्वपूर्ण जानकारी

6 महीने से 4 साल की उम्र के बच्चों को इनमें से किसी एक स्वीकृत विकल्प का इस्तेमाल करना चाहिए:

- रियर-फेसिंग चाइल्ड कार सीट, जिसमें इनबिल्ट हार्नेस हो, या
- फॉरवर्ड-फेसिंग चाइल्ड कार सीट, जिसमें इनबिल्ट हार्नेस हो
- गाड़ी में ठीक से फिट किया गया हो
- बच्चे के शरीर के अनुसार सही तरीके से एडजस्ट किया गया हो
- फॉरवर्ड-फेसिंग की पोज़िशन में बैठाने क लिए कंधे की ऊंचाई निशान से ऊपर होनी चाहिए

याद रखें

4 साल से कम उम्र के बच्चों को ऐसे वाहन की फ्रंट सीट पर सफर नहीं करना चाहिए, जिसमें दो या उससे ज़्यादा सीटों की पक्तियाँ हों।

Kidsafe
Child Accident Prevention Foundation of Australia

Kidsafe की सेवा हर राज्य और प्रांत में अलग हो सकती हैं।
ज़्यादा जानकारी और सलाह के लिए अपने राज्य या प्रांत के कार्यालय से संपर्क करें।
यहाँ दी गई सारी जानकारी प्रकाशन के समय सही है

RSR_FS_early-ed_car-seat_transition_V1.0_0525